राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–182/2024

राज्यपाल से ट्रांसजेन्डर्स के 12 सदस्यीय शिष्टमंडल ने मुलाकात की

पटना, 05 सितम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से रेशमा प्रसाद के नेतृत्व में ट्रांसजेन्डर्स के 12 सदस्यीय शिष्टमंडल ने राजभवन आकर मुलाकात की। उनसे बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि समाज की सोच धीरे–धीरे बदलती है। समाज की अनेक समस्याओं को सुलझाने में काफी समय लगे हैं। ट्रांसजेन्डर्स उम्मीद रखें कि उनकी भी समस्याओं का अवश्य समाधान होगा। विश्वविद्यालयों में नामांकन, छात्रावास आवंटन आदि में उनका ध्यान रखा जायेगा।

राज्यपाल ने कहा कि ट्रांसजेन्डर्स के लिए उनके मन में अच्छी भावनाएँ हैं। अन्य लोगों की तरह उनका भी उत्कर्ष होना चाहिए। वे राजभवन को अपना परिवार समझें। उन्होंने शिष्टमंडल में शामिल ट्रांसजेन्डर मधु कश्यप के पुलिस सब इंस्पेक्टर के लिए चयनित होने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इससे पूर्व रेशमा प्रसाद ने ट्रांसजेन्डर्स के लिए सरकार द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उन्हें पटना विश्वविद्यालय के सीनेट का सदस्य बनाये जाने के लिए भी राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज्यपाल को ट्रांसजेन्डर्स की समस्याओं से भी अवगत कराया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू एवं विशेष पदाधिकारी (वि०वि०) श्री प्रीतेश देसाई भी उपस्थित थे।

....